

## संक्षिप्त समाचार

### आयकर विभाग की सायकॉलोथोन, विजेताओं को प्रदान की गई ट्रॉफी

**संवाददाता** देहरादून। आयकर विभाग देहरादून की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित सायकॉलोथोन में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं विजेताओं ने भी ट्रैक पूरा कर आयोजन के दौरान अपने अनुभव शेयर किए। आयकर विभाग देहरादून की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए सुबह 7 बजे सायकॉलोथोन की शुरुआत करवाई गयी। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सायकॉलोथोन का शुभारंभ उत्तर–प्रदेश एवं उत्तराखंड प्रभार के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त शिशिर झा ने हरी झंडी दिखा कर कराया।

### स्वयं सहायता समूह ने मोर्चा पर भरोसा जता किया आंदोलन स्थगित

**संवाददाता** विकासनगर। टेक होम राशन की निविदा प्रक्रिया को शीघ्र संपन्न कराने, रुके हुए मानदेय एवं अन्य मांगों को लेकर एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह से जुड़ी बहनों द्वारा पिछले 16 दिनों से किए जा रहे धरना/अनशन को जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी द्वारा अधिकारियों से मांगें शीघ्र पूरी कराने के भरोसे एवं उप जिलाधिकारी विकासनगर द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी का लिखित पत्र आश्वासन के तौर पर महिला समूह को सौंपे जाने के पश्चात काफी विचार विमर्श के उपरांत मोर्चा अध्यक्ष द्वारा आंदोलन स्थगित करा दिया गया।

### किआ ने जारी किया किआ कारेन्स का आधिकारिक स्केच

**संवाददाता** देहरादून। किआ इंडिया ने कंपनी के बहुप्रतीक्षित मॉडल किआ कारेन्स का स्केच जारी किया है, जिसका 16 दिसंबर, 2021 को वर्ल्ड प्रीमियर होना है। शानदार इंटीरियर, स्मार्ट कनेक्टिविटी फीचर्स, बोल्ड एक्सटीरियर और तीसरी पंक्ति में बैठने वाले सभी लोगों के लिए अच्छा स्पेस लेकर आने वाली किआ कारेन्स भारत में मनोरंजक वाहनों की एक नई श्रेणी स्थापित करने के लिए तैयार है।

### मास्टरकार्ड की टीम कैशलेस इंडिया दून पहुंची

**संवाददाता** देहरादून। मास्टरकार्ड ने अपना टीम कैशलेस इंडिया अभियान देहरादून उत्तराखंड में प्रस्तुत किया इस अभियान ने चार दिनों की अवधि में कंपनी ने शहर में छोटे व्यापारियों और उपभोक्ताओं के साथ संलग्न होकर डिजिटल भुगतान की सुविधा बचाव व सुरक्षा के बारे में जानकारी बढ़ाई टीम कैशलेस इंडिया के कार्यकर्ताओं ने देहरादून के मुख्य स्थानों जैसे इंद्रा मार्केट, करनपुर मार्केट, तपोवन रोड मार्केट और बड़ी कैंट मार्केट पहुंचकर व्यापारियों से डिजिटल भुगतान के महत्व के बारे में बात की।

# नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के किए गये हैं प्रयास

**शुभारंभ**

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले मंगल दलों को प्रदान किये राज्य स्तरीय विवेकानन्द यूथ अवार्ड

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए खेल नीति–2021 लागू की गई है। खेल नीति में खिलाड़ियों के उन्नयन, खेल प्रतिभाओं को तलाशने, निखारने व उभारने, खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने, खिलाड़ियों के नियोजन, सामान्य आहार के साथ–साथ बेहतर डाइट की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए रोजगार के अवसर तथा सम्बंधित पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। युवाओं में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को विकसित करने के लिए उचित आर्थिक प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। राज्य के हर ग्राम पंचायत में ''स्वस्थ युवा स्वस्थ उत्तराखंड'' योजना के अन्तर्गत ओपन जिम खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी





गई है। ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली वंदना कटारिया को राज्य 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान' का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल के युवक मंगल दल और महिला मंगल दलों को स्वावलम्बन हेतु 6 माह के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में उत्तराखण्ड खेल प्रदेश के रूप में अपनी अलग पहचान बनायेगा।

मुख्यमंत्री ने खेल महाकुंभ में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का महत्व हमारे जीवन में सूर्य के उस प्रकाश की भांति हैं, जो अपनी पहली किरण के साथ अंधकार को मिटाता है। खिलाड़ियों में समयबद्धता, धैर्य एवं अनुशासन बनाने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में अपने बचपन की यादों को भी साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए समय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जीवन में समय का सदुपयोग बहुत जरूरी है, समय कभी वापस लौटकर नहीं आता। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विकल्प रहित संकल्प का होना जरूरी है। यदि मन में उत्साह हो तो, कार्य के प्रति ऊर्जा स्वतः ही आ जाती है। उन्होंने प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का उदाहरण देते हुए कहा कि ध्यानचंद की खेल भावना और देश के प्रति समर्पण जग जाहिर है।

**सचिव खेल को दिये निर्देश:** मुख्यमंत्री ने सचिव खेल को निर्देश दिये कि खेल विभाग द्वारा विगत में कराए गए सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाय की कार्य की गुणवत्ता के प्रति कोई लापरवाही न हो। कार्य के प्रति लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाय।

इस अवसर पर सचिव खेल दीपेन्द्र चौधरी, खेल निदेशक जी. एस. रावत, खेल, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल के अधिकारी एवं खेल महाकुंभ 2021 में प्रतिभाग करने वाले सभी जनपदों के खिलाड़ी मौजूद थे।

### ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को खोजा रहा: खेल मंत्री

खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रतिभाग कर रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल महाकुंभ के आयोजन से खिलाड़ियों को प्लेटफॉर्म मिल रहा है। ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं को खोजा रहा है। राज्य की नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नई खेल नीति में जो व्यवस्थाएं की गई हैं, ट्रेनिंग के दौरान खिलाड़ियों को आने वाली कठिनाइयों का निवारण किया गया है।

# जन समस्याओं का समाधान सरकार की पहली प्राथमिकता: सीएम

**फ्लैग ऑफ**

■ नीतियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए विकास रथ/एलईडी वाहनों का फ्लैग ऑफ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास से सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए विकास रथ/एलईडी वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के 300 प्रमुख स्थानों पर नुकड़ नाटकों एवं एलईडी द्वारा फिल्मों के माध्यम से प्रचार किया



जाएगा। सभी जनपदों हेतु 07 रूट तय किए गए हैं। प्रत्येक रूट पर एक विकास रथ/एलईडी वाहन, एक नुकड़ नाटक दल एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रचार साहित्य के माध्यम से आम जन तक योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सरकार की योजनाओं का यह प्रचार अभियान पूरे दिसंबर माह चलाया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनहित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों तक पहुंचे और वे इन योजनाओं का पूरा लाभ ले सकें, इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार एवं प्रसार किया जा रहा है। समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चलाई जा रही हैं। जन समस्याओं का समाधान सरकार की पहली प्राथमिकता है। सरकार जनता के साथ साझीदार के रूप में कार्य कर रही है।

सरकार की योजनाओं के लिए जो सात रूट तय किए गए हैं, उनमें देहरादून–हरिद्वार, नैनीताल–ऊधमसिंह नगर, टिहरी उत्तरकाशी, पौड़ी, चमोली–रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़–चम्पावत एवं अल्मोड़ा–बागेश्वर शामिल हैं। इन सभी रूट पर सरकार की योजनाओं के प्रचार हेतु संबंधित जनपदों के जिला सूचना अधिकारी द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए प्रचार एवं प्रसार करवाया जायेगा।

### स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में मीडिया की अहम भूमिका: सीईओ सौजन्या

**संवाददाता** देहरादून। देहरादून के एक स्थानीय होटल में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड एवं सूचना विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या, महानिदेशक सूचना रणबीर सिंह चौहान एवं मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. सुभाष गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने कहा कि मीडिया कार्यशाला का आयोजन आगामी निर्वाचन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण–2022 सम्पन्न हो चुका है। शीघ्र ही निर्वाचन आयोग इलैक्टरोल का प्रकाशन करेगा। इस बार 3 लाख 99 हजार से अधिक नवीन पंजीकरण हमें प्राप्त हुए है। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा नई पहल की जा रही है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।